अमर उजाला - 12/11/2022

स्पर्धा

विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर रखे विचार

# अमनप्रीत कौर रही भाषण में प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के पंजाबी विभाग ने भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका विषय श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और शिक्षाएं रहा। यह प्रतियोगिता पंजाबी, हिंदी और अंग्रेजी में आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अमनप्रीत कौर, द्वितीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के रमन व तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गगनदीप कौर और सांत्वना पुरस्कार महक व योगेश ने प्राप्त किया।



जीएमएन कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को सम्मानित करता स्टाफ। संवाद

निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित और हिंदी विभाग की अध्यक्षा डॉ. रितु गुप्ता ने निभाई। छात्रों ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को जीवन में अमल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी केवल एक धर्म के गुरु नहीं, बल्कि विश्व गुरु थे। उनका प्रवचन साझा है जो सभी धर्मों के लिए एकता कायम करता है। निर्णायक मंडल सदस्य डॉ. अमित कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताओं में छात्रों का भाग लेना यह दर्शाता है कि गुरु नानक देव के प्रति श्रद्धा भाव और उनकी वाणी के प्रति वे पूरी लगन से सजग हैं। मंच संचालन की भूमिका पंजाबी विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. जसवीर कौर ने निभाई। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन और को-ऑर्डिनेटर डॉ. रचना खन्ना ने इनाम देकर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में सहायक प्रवक्ता पारुल, डॉ. अनिश, रूपाली और सोनम उपस्थित रहे।